प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री आनंदपुर साहिब में दिनांक 16 फरवरी 2017 को हिंदी विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा एवं साहित्य से संबंधित नये दृष्टिकोणों को उभारना रहा। प्रतियोगिता का विषय हिंदी भाषा एवं साहित्य रहा। प्रतियोगिता में हिंदी विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूर्ण प्रतियोगिता को तीन चरणों में विभाजित किया गया था, और इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन विभाग की प्रोफेसर शगुन सिक्का ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विभाग के एम.ए. के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया और क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान बी.ए. तृतीय एवं बी.ए. द्वितीय के विधार्थियों ने प्राप्त किये। प्रतियोगिता के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. मलकीत सिंह द्वारा इस सफल आयोजन के लिए विभाग के विद्यार्थियों एवं प्रोफेसर का धन्यवाद किया गया और मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कश्मीर सिंह के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रतियोगिता का अंत प्रिंसिपल के अध्यक्षीय भाषण एवं पुरुस्कार वितरण से हुआ।